राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(107)RSSB / अर्थना / प्रा.शि. / अध्यापक / L-2/भर्ती / 2022 / 1290 **दिनांक :** 05.01.23

–:: संशोधित विज्ञप्ति ::–

उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2022 के अन्तर्गत अध्यापक लेवल–द्वितीय, कक्षा 6 से 8 के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु निर्धारित योग्यताधारी आवेदकों से विज्ञप्ति संख्या 13 / 2022 दिनांक 16.12.2022 को जारी कर ऑनलाईन आवेदन (Online Application Form) **दिनांक 21.12.2022 से 19.01.2023 रात्रि 12:00 बजे तक** आमंत्रित किये जा रहे हैं।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा याचिका संख्या 821 / 2022 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 05.02.2022 तथा सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित विशेष अनुमति याचिका के क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती–2022 के अंतर्गत अतिरिक्त विषय से स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी इस भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। यह अनुमति सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित विशेष अनुमति याचिका के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

(सुनील पूनियाँ)
सचिव